जयकारा बोलते चलो

आज भवानी मां अम्बे ने, दर पे हमें बुलाया है
दर्शन देगी आज मां खुल्ले, और आँचल की छाया है
हौले हौले...पौंडे पौंडे....

हौले हौले बढ़ते चलो चलो रे पौंडी पौंडी चढ़ते चलो
मां के दर पर जाने वालों, जयकारा बोलते चलो चलो रे
हौले हौले .....

देख चढ़ाई मत घबराना , राहों में तुम रुक नहीं जाना
ध्यान करो मां के चरणों का ,जय माता दी कहते जाना
बूढ़े बच्चों मां बहनो से सबसे कहते चलो चलो रे
हौले हौले .....

पीकर मां के नाम के प्याले , देख न अपने पग के छाले
देख ऊंचाई मुड़ नहीं जाना, भर देगी मां गम के नाले
आने वालों जाने वालों, प्रेम से कहते चलो चलो रे
हौले हौले .....

किस्मत वाले वो होते हैं, जो दर मां के जाते हैं
जिसको बुलावा मां अम्बे का, मां के दर्शन पाते हैं
योगी क्या अपने क्या पराये,सबसे मिलके कहो चलो रे
हौले हौले ....

गायक - उदय लकी सोनी 9131843199/ ८८७८१८१६३६
गीत - योगी महाराज

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/18668/title/jaykaara-bolte-chalo

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |